**NATIONAL SERVICE SCHEME**


**MAHILA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, BAHRAICH**

**2024-25**



**Professor (Dr.) Priya Mukherjee**

Principal/Patron



**Dr. Amrita Mishra**

Program Officer

# महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बहराइच (उ0प्र0)

## सम्बद्ध : डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध **विश्वविद्यालय, अयोध्या**

राष्ट्रीय सेवा योजना

सप्त दिवसीय (**विशेष शिविर**)


दिनॉक–15–02–2025 से दिनांक–21–02–2025 तक

सत्र : 2024–2025

महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक का विशेष शिविर दिनांक–15–02–2025 से ग्राम सिसई हैदर तेजवापुर में प्रारम्भ हुआ। प्रातः महाविद्यालय से 50 छात्राओं को लेकर शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर को प्रस्थान किया गया। वहाँ पहुंचकर छात्राओं ने सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ–सफाई करके अपने साथ लाए सारे सामान को तत्परता के साथ व्यवस्थित किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवहन विभाग से आए यात्री कर अधिकारी श्री अवध राज गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

इसके पश्चात् छात्राओं ने स्वागत गीत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्यगीत का गायन किया। सम्माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् शिविर को सम्बोधित करते हुए डॉ0 अमृता मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए छात्राओं को उन्हें अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं इसकी परिकल्पना तथा महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके अन्तर्गत होने वाले सामुदायिक विकास कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को पाँच टोलियों रजिया सुल्ताना, उदा देवी, रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला तथा अहिल्याबाई में विभाजित कर उन्हे शिविर के नियम व उद्देश्यों से परिचित कराते हुए जिम्मेदारी व अनुशासन से कार्य करने को प्रेरित किया तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात् छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के भोजन के पश्चात् द्वितीय सत्र में श्री अवध राज गुप्ता जी के वक्तव्य का आयोजन किया गया।

श्री अवध राज गुप्ता जी ने अपने वक्तव्य में यातायात विभाग द्वारा किये गये सुधारों के बारे में बताते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में भी अवगत कराया तथा सभी को सड़क सुरक्षा के नियम पालन की शपथ भी दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्यगीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस का समापन हुआ।




एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान

4 दैनिक जागरण लखनऊ, 16 फरवरी, 2025

एनएसएस शिविर लगाया



महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं से गुलजार है सिरसई हैदर गांव का प्राथमिक विद्यालय



दिनांक– 16–02–2025 को शिविर के दूसरे दिन प्रातः मैंने छात्राओं के साथ शिविर स्थल की ओर प्रस्थान किया। शिविर स्थल पहुंचकर सर्वप्रथम छात्राओं की उपस्थिति उपस्थिति ली गई। तत्पष्चात छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान गाया। फिर मैंने उन्हें आज के कार्यों का दिशा निर्देश दिया। योगाभ्यास तथा नाष्ते के पश्चात छात्राओं ने टोली नायिकाओं के साथ प्रक्तागणों के निर्देषन में कार्यस्थल की ओर प्रस्थान किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहिल्याबाई टोली ने स्वच्छता का कार्य किया। उदा देवी टोली ने भोजन बनाने की जिम्मेदारी सम्हाल ली और लगन से काम में जुट गई। रानी लक्ष्मीबाई टोली ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से परिचित कराते हुए प्रौढ़ महिलाओं को अक्षर ज्ञान कराया व उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। रजिया सुल्ताना टोली

ने लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए लोगों को निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कल्पना चावला टोली ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु विभिन्न बीमारियों के कारण एवं बचाव, जननी एवं शिशु सुरक्षा अभियान के तहत माताओं एवं शिशुओं को लगने वाले टीकों और सुरक्षा की जानकारी दी।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा, कु0 रूही एवं कु0 मनीषा गुप्ता के प्रतिनिधित्व में छात्राओं ने गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर चुने का छिड़काव किया एवं स्वच्छता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली निकालकर गांव वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं खेतों में पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय सत्र में कु0 रूही ने छात्राओं को महिला शिक्षा एवं जागरुकता विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि महिला शिक्षा और जागरुकता समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब महिलाएं शिक्षित होती हैं तो वे न केवल अपने परिवार को बेहतर दिशा दिखाती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाती हैं। शिक्षा से महिलाएँ अपने अधिकारों, कर्तव्यों और अवसरों के बारे में जागरूक होती हैं, जिससे वे अपने जीवन के फैसले स्वतन्त्र रूप से ले सकती हैं।

शिविर का का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अमृता मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ। आज के दिन शिविर में श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप, श्री इरफान अली एवं राजकुमार ने मुझे सहयोग प्रदान किया।


एनएसएस शिविर में कराया गया योगाभ्यास

महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं का चल रहा विशेष शिविर


सिसई हैदर में सफाई करके छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

दिनांक– 17–02–2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पूर्व दिवसों की भाँति छात्राओं को महाविद्यालय से शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर तेजवापुर की ओर ले जाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के दिवस की थीम "**जनसंख्या नियन्त्रण एवं साक्षरता**" विषय पर केन्द्रित थी।

अतः छात्राओं ने डॉ0 अमृता मिश्रा, कु0 रूही एवं प्रीती यादव के नेतृत्व में जनसंख्या नियन्त्रण व साक्षरता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस क्रम में उदा देवी टोली की छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा की उपयोगिता के विषय में बताते हुए कहा कि साक्षरता समाज में जागरूकता, विकास और समानता के लिए आधार बनती है। जनसंख्या नियन्त्रण और साक्षरता में वृद्धि से समाज में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। साक्षरता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि पर नियन्त्रण पाना और जीवन स्तर में सुधार लाना सम्भव है। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में चलने वाली योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं द्वारा दी गई तथा महिलाओं को उनका हस्ताक्षर करना सिखाने के साथ ही उन्हे अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प भी दिलवाया गया।

कल्पना चावला टोली की छात्राओं द्वारा श्रमदान कर गांव के रास्तों को साफ किया गया तथा गांव वासियों को कचरा निस्तारण के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें खुले में शौच करने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया गया। छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा कि अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ रखना न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य वरन पूरे समाज के लिए फायदेमंद है जो कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाता है। अहिल्याबाई टोली ने ग्रामवासियों को मतदान के विषय में जागरूक करते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जब हम स्वास्थ्य के महत्व को समझते हैं तो हम सही आहार नियमित व्यायाम, मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान देते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के

लिए सही खान–पान, पर्याप्त नींद शारीरिक गतिविधि और तनाव प्रबंधन के साथ ही शराब और तम्बाकू सेवन जैसी आदतों से बचना भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं द्वारा भोजन तैयार किया गया। इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी भी की गई।

शिविर के द्वितीय द्वितीय सत्र में दोपहर के भोजन के पश्चात् समाज कल्याण विभाग से आई बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती शिविका मौर्या ने छात्राओं एवं ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए बनाए गए नम्बरों के बारे में चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के तीसरे दिन का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप एवं श्री विजय ने मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।



तेजवापुर के सिसई हैदर गांव में साफ-सफाई करती एनएसएस की छात्राएं।

**सफाई कर स्वच्छता की उपयोगिता बताई**

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की ओर से तेजवापुर ब्लॉक के सिसई हैदर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के नेतृत्व में एनएसएस गीत व राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम की थीम जनसंख्या नियन्त्रण व साक्षरता रही।



**जनसंख्या नियन्त्रण एवं साक्षरता विषय पर केन्द्रित रहा एन एस एस शिविर का तीसरा दिन**

दिनांक– 18–02–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ किया गया। उसके पश्चात् छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

तत्पष्चात् कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। समाज में धूम्रपान निषेध के प्रचार–प्रसार तथा इसके खतरे के बारे में जागरूक करने हेतु आज के दिवस की थीम **"धूम्रपान निषेध"** विषय पर केन्द्रित थी। धूम्रपान निषेध एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्वास्थ्य और समाज की भलाई के लिए आवश्यक है। अतः रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं ने प्रवक्तागणों के निर्देशन में ग्राम सिसई हैदर जाकर ग्रामीणों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि धूम्रपान से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह मानसिक और आर्थिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। धूम्रपान से हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, और श्वसन तंत्र से सम्बन्धित गम्भीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चे और किशोर विशेष रूप से तम्बाकू विपणन और विज्ञापन के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और इसे ग्लैमर से जोड़कर देखते हैं। वे इसके जोखिमों और दुष्प्रभावों के विषय में गलत धारणाएँ कायम करते हैं। धूम्रपान निषेध से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ और बेहतर जीवन जी सकेंगी।

अहिल्याबाई टोली की छात्राओं ने महिलाओं को उनके हस्ताक्षर करना सिखाया तथा शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प दिलवाया। रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं ने स्वच्छता हेतु श्रमदान करते हुए गांव के रास्तों को साफ किया। कूड़ा निस्तारण के बारे में बताते हुए खुले में शौच, करने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी जागरूक किया। उदा देवी टोली की छात्राओं ने ग्रामीणों को मतदान के विषय में जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कल्पना चावला टोली की छात्राओं द्वारा भोजन तैयार किया गया।

दोपहर के भोजन के पश्चात् शिविर के द्वितीय सत्र में सोशल प्राइड वेलफेयर सोसाइटी दिल्ली के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान और स्किल डेवलपमेंट के अन्तर्गत **जी के टेस्ट देगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया** शीर्षक के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् डॉ0 रामदेव चातक ने छात्राओं को उनकी टोली नायिकाओं उदा देवी, कल्पना चावला रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई तथा रजिया सुल्ताना का परिचय देते हुए उनकी उनकी शौर्य गाथा सुनाई एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के चतुर्थ दिवस का समापन हुआ। आज के दिन श्री नवीन कश्यप एवं श्री राजन ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

दिनांक– 19–02–2025 को महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात् छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

तत्पश्चात् शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के शिविर दिवस की थीम **"मतदाता जागरूकता"** विषय पर केन्द्रित थी। अतः छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने ग्रामीणों को लोकतन्त्र में मतदान के महत्व एवं बढ़–चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं के हाथों में **लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हमारा फर्ज है, सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो** स्लोगन लिखी तख्तियां थी। छात्राओं ने रैली निकालते हुए ग्रामीणों को विवेकपूर्वक अपने मत का उपयोग करते हुए योग्य प्रतिनिधियों को चुनने के लिए जागरूक किया एवं शपथ दिलाई। छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित रंगोली बनाई तथा आशु भाषण भी प्रस्तुत किया। छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया जब हम अपने मतदान के अधिकार को समझते एवं इसके महत्व को पहचानते हैं तो अपने मतदान का सही तरीके से प्रयोग करते हैं और इससे न केवल सरकार की वैधता बढ़ती है, बल्कि यह समाज में सशक्त और जिम्मेदार

नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करता है। वोट डालने से न केवल सरकार पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह समाज की दिशा और विकास को भी प्रभावित करता है। एक जागरूक मतदाता लोकतन्त्र की सफलता की कुंजी है और इसके लिए हर नागरिक का सक्रिय योगदान अनिवार्य है।

रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उदा देवी टोली की छात्राओं ने ग्रामीणों को अच्छे स्वास्थ्य के निर्माण सम्बन्धी आदतों के लिए जागरूक किया तथा स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। कल्पना चावला टोली की छात्राओं ने साक्षरता अभियान चलाते हुए इसके महत्व के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। अहिल्याबाई टोली की छात्राओं ने भोजन बनाया। इसके पश्चात् छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी भी की।

शिविर के द्वितीय सत्र में भोजन के पश्चात् शहर की जानी मानी चिकित्सक डॉ0 अभिलाषा वर्मा के व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने महिला हाइजीन के विषय में छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने मासिक धर्म के समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा विभिन्न स्त्री रोगों के कारण एवं उनसे बचाव की जानकारी देते हुए छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं की जिज्ञासा का समाधान उनके प्रश्नों का समुचित उत्तर देकर किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के पंचम दिवस का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप एवं श्री राजन ने अपना सहयोग प्रदान किया।


बृहस्पतिवार • 20.02.2025

3

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

दिनांक– 20–02–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में किया गया। योगाभ्यास एवं नाश्ते के पश्चात टोलियों को उनका कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम **"हरी भरी धरती संरक्षित रहे प्रकृति"** विषय पर केन्द्रित थी। इस थीम को रखने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति संरक्षण एवं संवर्द्धन के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रदूषण मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है। जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च आवश्यकता है। जल, जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख, आधार हैं। विकास के मौजूदा मॉडल की विफलता यह है कि जीवन के इन तीनो आधारों को प्रदूषण ने ग्रसित कर लिया है। आज देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शुद्ध हवा पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित है। समाज में वृक्षारोपण की संस्कृति विकसित हो तभी यह एक अभियान के रूप में पर्यावरण को पोषित कर जनोन्मुखी गतिविधि के रूप में

स्थापित होगी क्योंकि उपभोक्तावादी संस्कृति के विस्तार ने जंगलों को नष्ट कर दिया है। अतः उदा देवी टोली की छात्राओं ने डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 सायरा खातून, कु0 रूही एवं कु0 मनीषा गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एवं वृक्षारोपण किया। पर्यावरण का संकट मानव अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। अगर हमने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो पृथ्वी का जीवन अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा इसलिए जरूरी है कि समय रहते खुले वनों की सघनता को बढ़ाएँ । छात्राओं ने रैली निकाल कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं ने साक्षरता अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं को पढ़ाया, प्रश्न पूछे तथा उपहार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। अहिल्याबाई टोली की छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत महिलाओं को टीकाकरण, आयरन एवं विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कल्पना चावला टोली की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं ने भोजन तैयार किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी किया।

भोजन के पश्चात् शिविर के द्वितीय सत्र में महिला थाना प्रभारी श्रीमती मंजू यादव द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महिला सुरक्षा के लिए बने विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर

के बारे में भी अवगत कराया। राष्ट्रगान एवं लक्ष्यगीत के साथ छठें दिन का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री राजन ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।





दिनांक 21–02–2025 को सभी छात्राएं नित्य की भांति शिविर स्थल पहुंच गई। उपस्थिति, प्रार्थना एवं योगाभ्यास के पश्चात् छात्राएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यों में लग गई। आज महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया जा रहा था। इस अवसर पर छात्राओं ने कार्यक्रम स्थल की सफाई कर मार्ग में चूने का छिड़काव किया व समापन समारोह देखने के लिए आमन्त्रित अतिथियों के बैठने व मंच व्यवस्था का कार्य जिम्मेदारी के साथ सम्हाल लिया। इसके पश्चात् छात्राओं ने पुनः ग्राम–वासियों को बाल–विवाह न करने, किसी भी तरह का नशा न करने, शौचालय का प्रयोग करने, अपने बच्चों को बिना किसी लिंगभेद के स्कूल भेजने, अपने

मताधिकार का प्रयोग करने व उन्हें स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित कर उन्हें कार्यक्रम देखने के लिए आमन्त्रित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि किसान पी0जी0 कालेज के प्रोफेसर डॉ0 ओ0पी0 सोनी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात् छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया जिसका निर्देशन डॉ0 अमृता मिश्रा ने किया। छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा कोमल एवं सुप्रिया ने लोकगीत **कैसे खेलन जइबू सावन में कजरिया** पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्रा सीमा, साइबा, नीतू, प्रतिमा ने राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत पर नृत्य कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। साल्वी ओमर ने **अपने ही रंग में मुझको रंग दे** पर नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। छात्रा सुम्बुल, शाहिना, सीमा, साइबा, मुस्कान, श्वेता ने दहेज प्रथा पर लघु नाटिका का मंचन किया। इसके पश्चात् उदा देवी, कल्पना चावला, लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई एवं रजिया सुल्ताना टोली की ग्रुप लीडरों ने सात दिवसीय शिविर में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को साझा किया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने सप्त दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इसी क्रम में छोटे से वीडियो के माध्यम से सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत किए गए कार्यों की झलक प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को मुक्त कंठ से सराहा। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में आत्मविश्वास अति आवश्यक है। तमाम बाधाओं और नकारात्मकताओं के बावजूद अपना हौसला बुलंद रखें, इसके लिए यह जरूरी है कि सर्वप्रथम

अपना लक्ष्य निर्धारित करें। खुद को जानें। अपने वक्तव्य में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने छात्राओं से यह संकल्प लिया कि वे इस शिविर के दौरान सीखी गई श्रम, सेवा, अनुशासन, एकता, प्रेम और सहयोग की इस भावना को अपने जीवन में उतारेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रीमा शुक्ला ने किया तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविधालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


लोकगीतों से छात्राओं ने बांधा समा

महिला पीजी कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर का समापन




लोकगीतों से छात्राओं ने बांधा समा

महिला पीजी कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर का समापन



नकारात्मक भावनाओं को त्याग कर भविष्य संवारें छात्राएं: प्रोफेसर सोनी



हिन्दुस्तान

एनएसएस शिविर: कैसे खेले जइबू सावन में कजरिया...

प्राचार्या
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच

Coordinator
I.Q.A.C.
Mahila Mahavidyalaya, Bahraich

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच